तापमान
अधिकतम 36 .9 डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

13 सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को किया याद



14 जिले के दो छात्रों को मिला इसरो भ्रमण का मौका



खबर संक्षेप

मुक्त विद्यालय परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ी

सोनीपत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने हरियाणा मुक्त विद्यालय की माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा मार्च-2027 की फ्रेश श्रेणी के परीक्षार्थियों को आवेदन का एक और मौका दिया है। बोर्ड ने बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 15 अक्तूबर कर दी है। अब परीक्षार्थियों से आवेदन के लिए कोई विलंब शुल्क नहीं लिया जाएगा।

भाइयों पर चाकू, पेचकस और पाइप से हमला

गन्नौर। शहर के कोट मोहल्ला निवासी अंकित की शिकायत पर राहुल, ललित और निशु के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार घटना 29 सितंबर की रात करीब 11 बजे की है।अंकित ने पुलिस को बताया कि उसके भाई रोहित ने फोन कर सूचना दी कि राहुल, ललित और निशु ने उसे गली में रोककर मारपीट की है। इसके बाद अंकित बाहर आया तो आरोपितों ने उसके साथ भी झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि राहुल ने चाकू और पेचकस जैसी नुकीली वस्तु से अंकित पर हमला किया। वहीं निशु ने रोहित के सिर पर लोहे की पाइप से वार किया, जबकि ललित ने उसके हाथ पर चाकू से चोट मारी। आरोपितों पर कार के शीशे और खिड़कियां तोड़ने का भी आरोप है।

नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत। थाना राई पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मो. आमीन को गिरफ्तार किया है। आरोपित उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के नारायण खरौआ का रहने वाला है। पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आठ सितंबर 2026 को सोनीपत निवासी व्यक्ति ने थाना राई में शिकायत दी थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से कहीं चली गई है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

7 को पुलिस लाइन में सेवा ज्योति यात्रा

सोनीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने संबंधित विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने अब तक आयोजित कार्यक्रमों की प्रगति और रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की। अजय चोपड़ा ने बताया कि 7 अक्टूबर को गोहाना रोड स्थित पुलिस लाइन में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें जिले के सभी उपमंडलों से सेवा ज्योति यात्राएं पुलिस लाइन पहुंचेंगी। उन्होंने सभी उपमंडल अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

रंजू देवी पर नशा तस्करी से जुड़े कई मामले दर्ज

आदर्श नगर में नशा तस्कर के घर पर चला बुलडोजर

■ निगम-पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 30 पुलिसकर्मी और महिला बल तैनात रहा ■ पुलिस के अनुसार नशे की कमाई से बनाया घर

मकान ध्वस्त करने की नगर निगम की कार्रवाई अनधिकृत निर्माण के आधार पर की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने वीरवार को आदर्श नगर की गली नंबर छह में कार्रवाई करते हुए एक मकान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। मकान बिहार निवासी रंजू देवी उर्फ शुक्ली से संबंधित बताया गया है। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 30 पुलिसकर्मियों के साथ महिला पुलिस बल भी तैनात किया गया। नगर निगम के अनुसार संबंधित निर्माण को लेकर पहले नोटिस जारी किया गया था। नोटिस की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्धारित नियमों के तहत मकान को ध्वस्त किया गया।

■ नगर निगम ने निर्माण को लेकर पहले नोटिस जारी किया था

निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और मशीन की मदद से अनधिकृत निर्माण को गिरा दिया। पुलिस के अनुसार रंजू देवी के खिलाफ नशा तस्करी से जुड़े मामले दर्ज हैं। सेक्टर-27 थाना प्रभारी सवित कुमार ने बताया कि रंजू मूलरूप से बिहार की रहने वाली है। पुलिस के अनुसार मकान का निर्माण नशे की अवैध कमाई से किए जाने का आरोप है। हालांकि, मकान ध्वस्त करने की नगर निगम की कार्रवाई अनधिकृत निर्माण के आधार पर की गई है। नगर निगम के दस्तावेजों के अनुसार आदर्श नगर में रंजू देवी के मकान से सटी दुकान किराये पर ली गई थी। मकान के सामने भी एक अन्य दुकान थी। अनधिकृत निर्माण की शिकायत मिलने के बाद निगम की ओर से पहले दुकान को ध्वस्त किया जा चुका है।

निगम की ओर से जारी पत्र और संबंधित आदेशों के आधार पर अब मकान पर कार्रवाई की गई।



सोनीपत। आदर्श नगर में नगर निगम की टीम द्वारा ध्वस्त मकान।

ऐसे चली तोड़फोड़



ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कार्रवाई



ड्यूटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें कार्रवाई के संबंध में प्रशासन की ओर से आदेश प्राप्त हुए थे। जांच में निर्माण अनधिकृत पाए जाने के बाद उसे नियमानुसार ध्वस्त कराया गया। उन्होंने कहा कि शहर में अनधिकृत निर्माण को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा और नियमों के अनुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

फॉर्च्यूनर ने बाइक को टक्कर मारी, रोडवेज चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



■ गढ़ मिरकपुर के पास हादसा वाहन समेत चालक फरार

गढ़ मिरकपुर गांव के पास तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की टक्कर से बाइक सवार उत्तर प्रदेश रोडवेज चालक अवनीश त्यागी (56) की मौत हो गई। हादसे के बाद फॉर्च्यूनर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मृतक के साले कृष्ण त्यागी की शिकायत पर मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। ताजपुर निवासी कृष्ण त्यागी ने पुलिस को बताया कि उनके बहनोई अवनीश त्यागी उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के चमरावल गांव के रहने वाले थे। बुधवार दोपहर बाद वह बाइक से ताजपुर स्थित ससुराल के लिए निकले थे। रास्ते में उन्होंने फोन कर बताया था कि वह गौरीपुर पहुंच चुके हैं और करीब 20 से 25 मिनट में ताजपुर पहुंच जाएंगे।

इसके कुछ देर बाद परिजनों को अवनीश के सड़क हादसे में घायल होने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे तो पता चला कि गढ़ मिरकपुर के सामने कट से गांव की ओर मुड़ते समय पीछे से आई काले रंग की फॉर्च्यूनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

वाहन की टक्कर में श्रमिक की मौत

गन्नौर। गन्नौर-बेगा रोड पर सड़क हादसे में सरढाणा गांव निवासी 26 वर्षीय मजदूर संदीप की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब संदीप किसी काम से दतौली की तरफ गया था और वहां से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पहचान और तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा अन्य माध्यमों से भी टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि संदीप मजदूरी करता था। उसकी मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता किरण पहल का दिल्ली एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

■ गांव गुमड़ पहुंचने से पहले स्वजन और ग्रामीणों ने फूलों व नोटों की मालाओं से किया सम्मान ढोल-नगाड़ों के साथ मनाई जीत की खुशी

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली गांव गुमड़ की बेटी किरण पहल वीरवार को भारत पहुंचीं। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचते ही स्वजन, ग्रामीणों और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। किरण को फूलों और नोटों की मालाओं से सम्मानित किया गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत करते हुए जीत की बधाई दी। एयरपोर्ट पर किरण की एक झलक पाने के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

गांव में पहुंचने की बाट जोह रहे ग्रामीण

उनके भाई रविंद्र पहल, शिव शर्मा, स्वजन और ग्रामीणों ने फूलों की मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। किरण के कोच आशीष छिक्कारा ने भी उन्हें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और उपलब्धि पर खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि किरण ने अपनी मेहनत और संघर्ष के दम पर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि किरण के गन्नौर पहुंचने पर उनके सम्मान में गांव में भव्य स्वागत समारोह आयोजित करने की तैयारी की जा रही है

धान की फसल ले जाने का विरोध करने पर किसान और भतीजे से जमकर मारपीट

सोनीपत। गांव नादनौर में खेत से धान की फसल ले जाने का विरोध करना किसान और उसके भतीजे को भारी पड़ गया। आरोप है कि खेत पर पहुंचे लोगों ने दोनों के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों को आरोपितों से छुड़ाया। मुरथल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिलाओं समेत सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद की है। गांव मछरौला निवासी बलबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी के नाम गांव नादनौर में करीब एक एकड़ एक मरला जमीन है। जमीन में धान की फसल बोई गई थी।

29 सितंबर को दोपहर करीब तीन बजे उसे सूचना मिली कि खेत से धान की फसल ले जाई जा रही है। इस पर उसने डायल-112 पर सूचना दी और अपने भतीजे नीरज के साथ खेत पर पहुंच गया। शिकायत के अनुसार इसी दौरान काली रंग की स्कॉर्पियो में जतिन समेत अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने खेत से धान ले जाने के संबंध में पूछताछ की। आरोप है कि इसी दौरान आरोपितों ने बलबीर और नीरज के साथ मारपीट शुरू कर दी। कुछ महिलाओं पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया गया है।

■ नादनौर में खेत से धान चोरी करने का आरोप, महिलाओं समेत सात के खिलाफ केस, मौके से धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद

पुलिसकर्मियों ने बीच-बचाव कर दोनों को आरोपितों से छुड़ाया। बलबीर का आरोप है कि आरोपित नीले रंग की ट्रैक्टर-ट्रॉली में खेत से धान भरकर ले जा रहे थे। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने घटनास्थल से धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली। एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बिजली कर्मचारी से मारपीट, बाइक छीनी

सोनीपत। गांव रतनगढ़ स्थित कंपनी से ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे बिजलीकर्मी पर दो युवकों ने डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में घायल होने के बाद कर्मचारी जान बचाने के लिए कंपनी की तरफ भागा। इसी दौरान दोनों युवक उसकी बाइक लेकर फरार हो गए। मोहाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर लूट का मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली के किराड़ी सुलेमान नगर स्थित जानकी विहार निवासी मुलायम यादव ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो साल से रतनगढ़ स्थित सुपरटेक कंट्रोल सिस्टम कंपनी में बिजली का काम करता है। मंगलवार रात करीब साढ़े आठ बजे ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से घर के लिए निकला था। गोहाना मार्ग पर पहुंचते ही सड़क किनारे झाड़ियों से दो युवक अचानक बाहर निकले और उसकी बाइक रुकवाकर डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। इसके बाद आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए।

डेटिंग सेवा का झांसा देकर जेलकर्मी से 1.26 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ महिला के व्हाट्सएप संदेश से शुरू हुआ ठगी का खेल, दूसरे युवक के खाते और क्रेडिट कार्ड से भी 1.25 लाख निकाले

साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाकर करीब 2.52 लाख रुपये ठग लिए। एक मामले में व्हाट्सएप पर महिला के माध्यम से डेटिंग सेवा दिलाने का झांसा देकर जेलकर्मी से अलग-अलग शुल्क के नाम पर 1.26 लाख रुपये जमा करा लिए गए।

दूसरे मामले में युवक के बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से 1.25 लाख रुपये से अधिक निकाल लिए गए। साइबर अपराध थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झज्जर निवासी जेलकर्मी राजेश ने बताया कि 26 सितंबर को उसके व्हाट्सएप पर एक महिला का संदेश आया था। महिला ने डेटिंग सेवा के पंजीकरण के लिए 12,100 रुपये मांगे।

इसके बाद कार्ड पहुंचाने, चिकित्सकीय जांच, होटल और विलंब शुल्क समेत अलग-अलग बहाने बनाकर उससे रकम जमा कराई गई। सर्वर पर भुगतान नहीं पहुंचने की बात कहकर भी दोबारा पैसे जमा करवाए गए। इस तरह उससे कुल 1,26,600 रुपये ठग लिए गए। बाद में 13 हजार रुपये और मांगने पर उसे ठगी का पता चला। दूसरे मामले में टिकोला-जैनपुर निवासी राहुल ने बताया कि 25 सितंबर को मोबाइल चार्जिंग पर लगाने के बाद उसके खाते से कई लेनदेन हुए। बैंक खातों और क्रेडिट कार्ड से कुल 1,25,950 रुपये निकाल लिए गए। दोनों पीड़ितों ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और लेनदेन से जुड़े खातों की जांच कर रही है।

फर्जी दस्तावेजों से सरकारी ठेका लेने का आरोप, संचालक गिरफ्तार

सोनीपत। थाना शहर सोनीपत पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी विभाग में ठेका हासिल करने और मजदूरों की भविष्य निधि (ईपीएफ) व कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) की राशि जमा नहीं कराने के मामले में वंश इंटरप्राइजेज के संचालक योगेश को गिरफ्तार किया है। कृष्ण नगर निवासी योगेश को पुलिस ने अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।पुलिस के अनुसार 12 जुलाई 2024 को सोनीपत के उप वन संरक्षक संदीप ने थाना शहर में शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि योगेश ने विभाग में ठेकेदारी का काम लेने के लिए कुछ फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए थे। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि ठेके के तहत काम करने वाले मजदूरों के वेतन से संबंधित ईपीएफ और ईएसआई की राशि जमा नहीं कराई गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक संदीप की टीम कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने योगेश को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस रिमांड के दौरान ठेके से जुड़े दस्तावेजों और मामले के अन्य पहलुओं की जांच की जाएगी।

■ मजदूरों का ईपीएफ-ईएसआई जमा नहीं कराने का भी आरोप, संचालक दो दिन के रिमांड पर

■ संजय बड़वासनिया ने जेबीएम कंपनी पर लगाए लापरवाही के आरोप

वार्ड 21 में कूड़ा उठान न होने के विरोध में पार्षद ने घोड़े पर निकाली 'कूड़े की सवारी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

वार्ड नंबर 21 में समय पर कूड़ा नहीं उठाए जाने के विरोध में जिला पार्षद एवं निगम पार्षद प्रतिनिधि संजय बड़वासनिया ने जेबीएम कंपनी के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वह घोड़े पर सवार होकर गलियों में पहुंचे और कूड़ा उठाकर कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। संजय बड़वासनिया ने आरोप लगाया कि जेबीएम कंपनी की ओर से समय पर कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। कंपनी के पास पर्याप्त कूड़ा उठाने वाले वाहन नहीं हैं और वाहनों पर सहायक भी उपलब्ध नहीं हैं। कूड़ा उठाने का निर्धारित समय नहीं होने से महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार से सालाना 600 रुपये गृहकर लिया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।



जगह-जगह गंदगी

जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं, जिसके कारण लोग मजबूरी में चौराहों पर कूड़ा डाल रहे हैं। इससे प्रदूषण और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने प्रशासन और सरकार से कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने तथा वार्ड में नियमित कूड़ा उठान की मांग की।

रिवाड़ा में शहीद बलवान सिंह को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



गोहाना। बरोदा हलका के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने गांव रिवाड़ा के शहीद बलवान सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण करके नमन किया। इसी उपलक्ष्य में गांव रिवाड़ा स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में कार्यक्रम किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा स्कूल का नाम शहीद राजकीय बलवान सिंह उच्च विद्यालय रखा गया है,जिसका उद्घाटन गुरुवार को प्रदीप ने किया। शहीद बलवान सिंह 1 अक्टूबर 2001 को श्रीनगर में आतंकवादी मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। वह बीएसएफ में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। प्रदीप सांगवान ने कहा कि शहीद बलवान सिंह की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। अमर शहीद राष्ट्र का गौरव होते हैं। कार्यक्रम में भैंसवाल मंडल भाजपा अध्यक्ष सूरत सिंह, डॉ. राममेहर राठी, सरपंच आशीष मलिक, मुख्याध्यापक प्रदीप मलिक, अध्यापिका दुर्गा देवी शहीद परिवार की तरफ से पत्नी यशवंती, बेटा योगेश, भाई जगमेंद्र व भतीजा राजेश मलिक सहित ग्रामीण एवं स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

खबर संक्षेप



आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में महिलाओं की हुई गोद भराई

गन्नौर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव भिगान और बड़ी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का डब्ल्यूसीडीपीओ शीला कुमारी की अध्यक्षता में हुआ। भिगान में सरपंच सुनीता और बड़ी में सरपंच नीरज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुपरवाइजर सीमा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, छह माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन, एलआईसी बेंड वितरण और पोषण रंगोली सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।



पार्षदों और अंकित मल्होत्रा ने बैठक कर रखा पक्ष

गन्नौर। नगर पालिका द्वारा निजी स्तर पर फागिंग कराने के मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद वीरवार को वार्ड नंबर आठ के मुख्य बाजार में बैठक हुई। बैठक में समाजसेवी एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव अंकित मल्होत्रा के साथ पार्षद विकास शर्मा, अजय सरोहा के अलावा पार्षद शमशेर सैनी, राजेश शर्मा, कृष्ण टांक, टिंकू तथा वार्ड के लोग मौजूद रहे। बैठक में अंकित मल्होत्रा ने कहा कि वार्डों में मच्छरों की समस्या को देखते हुए पार्षदों की मांग पर उन्होंने निजी खर्च से करीब डेढ़ लाख रुपये की तीन फागिंग मशीनें खरीदी थीं। उनका कहना है कि नगर पालिका की फागिंग मशीन खराब होने के कारण समय पर फागिंग नहीं हो पा रही थी। ऐसे में लोगों को राहत देने के उद्देश्य से मशीनें उपलब्ध कराई गईं। उन्होंने बताया कि फागिंग शुरू कराने से पहले नगर पालिका सचिव को इसकी जानकारी दी गई थी। स्वास्थ्य विभाग को भी लिखित रूप से सूचना दी गई थी। उनके अनुसार, फागिंग में प्रयोग होने वाली दवा और उसके प्रयोग से संबंधित जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग को दी गई थी।

नपाध्यक्ष बोले कोई अनुमति नहीं ली गई : इस बारे में नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि फागिंग निजी संस्था बिना किसी अनुमति के फागिंग नहीं करवा सकती, क्योंकि यह लोगों के स्वास्थ के लिए हानिकारक होती है। नगरपालिका स्वास्थ्य विभाग द्वारा पत्र लिखने पर ही शहर के प्रभावित क्षेत्रों में नियमानुसार फागिंग करवाती है। अभी तक स्वास्थ्य विभाग ने नगरपालिका को फागिंग के लिए कोई पत्र नहीं लिखा है। ऐसे में नगरपालिका भी अपनी मर्जी से फागिंग नहीं करवा सकती। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपनी राजनीति के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं तो वह सरासर गलत है। जिस वजह से नगरपालिका ने उन्हें नोटिस जारी किया है।



आधार सेंटर पर घंटों लाइन, फिर भी काम की गारंटी नहीं

गोहाना। लघु सचिवालय की पुरानी बिल्डिंग स्थित उप-डाकघर में चल रहे आधार सेंटर पर अव्यवस्था का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आधार बनवाने और करेक्शन कराने के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद काम हो पाएगा या नहीं, इसकी कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। सेंटर पर लोगों की बढ़ती परेशानी की शिकायतों के बाद गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान मौके पर पहुंचे। उन्होंने आधार सेंटर की व्यवस्था और काम करने के तरीके की जानकारी ली। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने कर्मचारी को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

दो सेंटर, फिर भी परेशानी: विधायक देवेंद्र कादियान ने बताया कि गन्नौर में दो आधार सेंटर चल रहे हैं। इनमें एक बीडीपीओ कार्यालय और दूसरा लघु सचिवालय की पुरानी बिल्डिंग स्थित उप-डाकघर में है। उन्होंने कहा कि दूसरे सेंटर पर लोगों को परेशानी की शिकायत मिल रही थी, इसलिए मौके पर पहुंचकर कर्मचारी को व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी गई है।



खेवड़ा में विधायक कृष्णा गहलावत ने पौधरोपण किया

राई। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव खेवड़ा में सीआरपी कैंप की ओर से सफाई अभियान एवं 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक कृष्णा गहलावत ने सहभागिता करते हुए सफाई अभियान में श्रमदान किया और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ने की पहल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत की थी। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के नाम पर पौधा लगाकर उसकी नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक दायित्व है। गांवों में इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में डीआईजी कुलदीप देशवाल, डीआईजी मेडिकल नयन तारा, कमांडेंट बाल कृष्ण राम, डिप्टी डायरेक्टर स्पोर्ट्स अमित दहिया, जसपाल आंतिल कुलदीप, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नांगल, अनिल अंतिल, मंडल अध्यक्ष शेखर अंतिल, ढीला खेवड़ा, मोनू अंतिल, आनंद खेवड़ा, प्रदीप नाना, नरेंद्र खेवड़ा, अजीत कोच, गुलाब दूड़िया और जयप्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर में गांधी जयंती मनाई

सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी को किया याद



गन्नौर। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र स्कूल के शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल, गन्नौर में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी सदन की ओर से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रधानाचार्या कविता नागपाल ने की। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर महात्मा गांधी के जीवन, विचारों और आदर्शों को याद किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं से अपने साथियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों ने गांधी जी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

स्वच्छता अभियान के तहत विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अपने घरों की सफाई में माता-पिता का सहयोग करने और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

गांधी व शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प

सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एंड मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की प्राचार्या मीनाक्षी खुराना ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यापक सतीश तथा अध्यापिकाएं कविता, रोजी, मेघा, काजल, शालू, भावना, दिव्या, पूजा, नीरू, सीमा, ज्योति, कविता नैन, कोमिला, रजनी, मनीषा , निशी, पिंकी, मोनिका दूहन, आशिमा व सौरभ सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

गांधी व शास्त्री के जीवन व आदर्शों पर बनाए पोस्टर

सोनीपत। टीकाराम कन्या महाविद्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गांधी व शास्त्री के जीवन, विचारों तथा उपलब्धियों को पोस्टरों के माध्यम से प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता में ज्योति ने पहला, तनीषा ने दूसरा, आंचल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि चंचल को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर डॉ. उपासना, पूनम, सीमा, डॉ. पूनम, डॉ. गीता और मानसी उपस्थित रहीं।

कल्पना चावला विद्यालय में कार्यक्रम मनाया



खरखौदा। कल्पना चावला विद्यालय में महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में सत्यम सदन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन, उनके आदर्शों तथा सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापिका अनीता द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को गांधी के जीवन एवं उनके विचारों के बारे में कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और मानवता को अपने जीवन का आधार बनाया और देश की स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विद्यार्थियों ने वाद-विवाद में दिखाई प्रतिभा



सोनीपत। जैन विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा चौथी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने कविता पाठ, भाषण, कहानी सुनाने और वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में पांचवीं कक्षा की छात्रा जैनब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ में आठवीं कक्षा की छात्रा गर्विता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की नित्या और बारहवीं कक्षा की प्राची प्रथम रहीं।

जयंती पर छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



सोनीपत। आर्य गर्ल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सोनीपत में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अजय गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहे। छात्राओं ने महात्मा गांधी की दांडी यात्रा पर आधारित प्रस्तुति दी। इसका मार्गदर्शन मोनिका ने किया। इसके बाद द्वितीय गोलमेज सम्मेलन पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की गई, जिसका मार्गदर्शन पूजा और किरण ने किया। छात्राओं ने अभिनय और संवादों के माध्यम से गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वतंत्रता संघर्ष के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र मनाया



सोनीपत। हिंदू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, सोनीपत में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इसमें एनएसएसयू के प्रबंध निदेशक एवं उद्योग विशेषज्ञ असीम मिड्डा ने विद्यार्थियों को साइबर खतरों की पहचान, डिजिटल मंचों के सुरक्षित उपयोग और व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के उपाय बताए। कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर विभागाध्यक्ष पूनम माथुर ने किया। असीम मिड्डा ने कहा कि तकनीक ने जीवन को सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसके साथ डिजिटल जोखिम भी तेजी से बढ़े हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को साइबर सुरक्षा के मूलभूत नियमों की जानकारी होना जरूरी है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शिवानी ठाकुर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ डिजिटल दुनिया में संभावित खतरों से सतर्क और सुरक्षित रहने के लिए सक्षम बनाना है। इस अवसर पर कुलदीप दहिया, अजय बजाज, मुस्कान, रुचि, शुभम और मंजू मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित



सोनीपत। मानव सेवा ट्रस्ट की ओर से एक निजी कंपनी के संयंत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कंपनी के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 61 यूनिट रक्तदान किया। शिविर दावत बासमती राइस के संस्थापक स्वर्गीय रघुनाथ अरोड़ा की स्मृति को समर्पित रहा। उनके पुत्र सुरेंद्र कुमार अरोड़ा और अश्वनी कुमार अरोड़ा के सहयोग से पिछले छह वर्षों से उनकी स्मृति में सेवा कार्य किए जा रहे हैं। कर्मचारियों को बताया गया कि इसके माध्यम से वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और डिजिटल स्वास्थ्य अभिलेखों को अपनी सहमति के आधार पर संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ सकते हैं। मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख के नेतृत्व में ट्रस्ट की टीम ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान राकेश शर्मा, महेंद्र पाल वशिष्ठ, कृष्ण पाल शर्मा, यशपाल दूदेजा, राज कुमार, पवन शर्मा, रंजन सहगल, विजय महाजन, भूपेश चांदना और दिनेश शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा शिवर में 168 मरीजों की आंखों की जांच

खरखौदा। ठाकुर की रसोई एवं युवा शक्ति क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को लाला जय नारायण धर्मशाला में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग, हड्डी रोग, फिजीशियन, न्यूरो थैरेपी, एक्यूप्रेशर एवं योग चिकित्सा सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया। शिविर के संयोजक नीरज गुप्ता ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में 168 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 26 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। चयनित मरीजों के ऑपरेशन बुधवार को नई दिल्ली में नि:शुल्क किए जाएंगे। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम ने 73 मरीजों कि विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया। राजू कोच द्वारा आयोजित न्यूरो थैरेपी शिविर में 45 मरीजों को दर्द एवं अन्य शारीरिक समस्याओं के उपचार एवं राहत का लाभ मिला। इस अवसर पर टीका राम मित्तल, पवन सिंगला, डॉ. आयुष गुप्ता, अमित सिंगला, पंकज गुप्ता, हंसराज अरोड़ा, प्रदीप सिंगला, बिजेंद्र जांगड़ा, अमीचंद फौजी, अंकित गर्ग, राजपाल कौशिक, पवन भौरिया, योगेन्द्र आदि मौजूद रहे।



28 वर्ष की सेवा के बाद रोडवेज चालक राजेंद्र पांचाल सेवानिवृत्त



सोनीपत। हरियाणा रोडवेज के चालक राजेंद्र सिंह पांचाल 28 वर्ष की सेवा के बाद 30 सितंबर को पानीपत डिपो से सेवानिवृत्त हुए। खेड़ी दमकन निवासी राजेंद्र पांचाल ने 5 जुलाई 1998 को सोनीपत डिपो में चालक के पद पर सेवा शुरू की थी। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के चलते वह साथी कर्मचारियों के बीच लोकप्रिय रहे। 20 अगस्त 2020 को उनका स्थानांतरण सिरसा डिपो और 24 मई 2023 को पानीपत डिपो में हुआ। सेवानिवृत्ति पर पानीपत डिपो में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद गोहाना बाईपास स्थित उनके निवास पर भी समारोह हुआ। इस दौरान ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा हरियाणा और आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने उन्हें पगड़ी, नोटों की माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजेंद्र पांचाल भावुक हो गए और सभी का आभार जताया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के बरोदा हल्का प्रधान सुनील सिंधू और प्रेस प्रवक्ता रामनिवास पांचाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राज्य प्रधान सुभाष योगी सहित सैकड़ों कर्मचारी और परिवारजन मौजूद रहे।

100 एवं 200 मीटर दौड़ में अनुष्का रही प्रथम

खरखौदा। राजकीय महाविद्यालय, पीपली में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. तराना नेगी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षा सहायक प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार की देखरेख व समस्त स्टाफ सदस्यों के सहयोग से किया गया। महिला वर्ग की 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में अनुष्का ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय व संविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में तानिया ने प्रथम, रीमा ने द्वितीय एवं प्रमिला ने तृतीय स्थान पर रही। लंबी कूद में तानिया ने प्रथम, प्रमिला ने द्वितीय एवं योगिता तृतीय स्थान पर रही। ऊँची कूद में तानिया ने प्रथम, प्रमिला ने द्वितीय एवं कुसुमलता तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग की 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ में बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र दीपांशु ने प्रथम, मनदीप ने द्वितीय एवं एम.ए. के छात्र दीपांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. योगेश बाजवान, विनोद मलिक, प्रदीप कुमार, जगबीर, डॉ. विक्रम, डॉ. मनदीप, नीरा, डॉ. रजनीश, डॉ. रेखा, डॉ. बीना, मधुलता, डॉ. संगीता, डॉ. अनिता, सुमन, प्रीति, रेनू मलिक, राजेश दलाल, संदीप, श्री बलराम, रवि, सुधीर, पवन, जितेंद्र व निखिल सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



आईटीआई राजलूगढ़ी में रक्तदान शिविर आयोजित



गन्नौर। राजकीय आईटीआई राजलूगढ़ी में सेवा संकल्प अभियान के तहत गजराज अस्पताल गोहाना के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संस्थान के छात्रों और स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 48 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान किया। संस्थान के प्रधानाचार्य प्रवीण जांगड़ा ने स्वयं रक्तदान कर विद्यार्थियों और स्टाफ को रक्तदान के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने सभी रक्तदाताओं तथा गजराज अस्पताल गोहाना से पहुंची डॉक्टरों की टीम का आभार जताया। गन्नौर ब्लॉक के इंचार्ज एवं राजकीय आईटीआई गन्नौर के प्रधानाचार्य अमित गौतम भी मौजूद रहे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर को सफल बनाने में आईईसी इंचार्ज तेजिंदर सिंह, वर्ग अनुदेशक अशोक कुमार, सतेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, नवीन कुमार और नवीन खत्री ने विशेष सहयोग दिया।

'स्वच्छता ही सेवा' के तहत चलाया गया विशेष सफाई अभियान

खरखौदा। लखी राम मेमोरियल पब्लिक सेकंडरी स्कूल, हलालपुर में केंद्र सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें एक स्वस्थ शैक्षिक वातावरण प्रदान करना है। अभियान की शुरुआत सुबह विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों की देख-रेख में हुई। इसके बाद स्कूल परिसर को अलग-अलग टोलियों में विभाजित कर सफाई कार्य शुरू किया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय के खेल के मैदान, गलियारों और मुख्य गेट के आसपास श्रमदान किया परिसर में उगी अनचाही झाड़ियों और घास-फूस को हटाया गया। प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर उसका सुरक्षित निस्तारण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार ने अभियान के समापन पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, स्वच्छता केवल एक दिन का काम नहीं है, बल्कि जीवन का संस्कार होना चाहिए।



सेवानिवृत्त निरीक्षक कृष्ण दत्त बने सफाई के प्रहरी

सोनीपत। जिस उम्र में लोग सेवानिवृत्ति के बाद घर पर आराम करना पसंद करते हैं, उस उम्र में बिक्री कर विभाग से सेवानिवृत्त निरीक्षक कृष्ण दत्त रोजाना कई घंटे स्वच्छता अभियान में जुटे रहते हैं। वह औद्योगिक क्षेत्र में सुबह-शाम निस्वार्थ भाव से सफाई कार्य करते हैं और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं। कृष्ण दत्त सफाई अभियान के दौरान हाथों में दस्ताने और मुंह पर मास्क लगाकर निकलते हैं। वह सड़कों और आसपास के स्थानों पर बिखरे कचरे को एकत्र कर सफाई करते हैं। उनका कहना है कि स्वच्छ वातावरण सभी के लिए जरूरी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास साफ-सफाई रखने में योगदान देना चाहिए। उनके नियमित सेवा कार्य से औद्योगिक क्षेत्र के आसपास रहने वाले लोगों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कृष्ण दत्त बिना किसी स्वार्थ के जिस तरह प्रतिदिन सफाई अभियान में जुटे हैं, वह दूसरों के लिए भी प्रेरणादायी है। लोग उनके इस सेवा कार्य के लिए उनका सम्मान करते हैं।



कार्यक्रम मेरा युवा भारत और युवा स्पोर्ट्स क्लब ने वृद्धजनों के अधिकारों और सम्मान के प्रति किया जागरूक

वृद्धजन परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मेरा युवा भारत, सोनीपत (नेहरू युवा केंद्र, सोनीपत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर समाज कल्याण शिक्षा समिति के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के सम्मान, उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. धर्मबीर मलिक (योगी) और विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण अधिकारी ईश्वर सिंह राठी रहे। डॉ. धर्मबीर मलिक (योगी) ने कहा कि वृद्धजन परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन का अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का स्रोत है। वृद्धजनों की देखभाल और सम्मान केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज का नैतिक दायित्व है। ईश्वर सिंह राठी ने वृद्धजनों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं और उनके अधिकारों की जानकारी रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन देने में समाज के प्रत्येक वर्ग को भूमिका निभानी चाहिए। संस्था अध्यक्ष आनंद कुमार ने अतिथियों और उपस्थित लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर इन्वेस्टिगेटर जैकी राजा, मेरा युवा भारत से कमल, अंकुश, नैंसी और नेहा सहित युवा स्पोर्ट्स क्लब तथा संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच



सोनीपत। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए), सोनीपत की ओर से संत गरीबदास वृद्धाश्रम, ककरोई रोड में जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। ट्यूलिप अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में डॉ. अभिषेक, दीपक शर्मा और अस्पताल की टीम ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की। उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच, सावधानियों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ईश्वर राठी ने समाज कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी और लाभार्थी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र वृद्धजनों से इनका लाभ लेने का आह्वान किया।

21 वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया

सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित सामुदायिक केंद्र में गुरुवार को वरिष्ठ नागरिक परिषद, सोनीपत ने अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियर वीपी आर्य के बहुमत्व में यज्ञ-हवन से हुआ। इसके बाद प्रभु-भजन, गीत-गजल और शेर-ओ-शायरी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। समारोह में 1946 में जन्मे और 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके परिषद के 21 अति वरिष्ठ सदस्यों को स्मृति चिह्न, शॉल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। सितंबर में जन्मे परिषद के 30 सदस्यों का भी अंगवस्त्र, उपहार-पैक और पुष्पगुच्छ देकर सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में मेयर राजीव जैन एवं कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। परिषद के प्रधान ईंजी. बीआर आहूजा के प्रयासों से सदस्य परिचय पुस्तिका 'संयोजिका' के तीसरे संस्करण का विमोचन किया गया। इसका विमोचन पूर्व महापौर राजीव जैन, जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल दिवान, परिषद के संरक्षकों, महासचिव, संपादक, संगठन सचिव और अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में राजगोपाल अरोड़ा, प्रेम प्रकाश खुराना, ओम प्रकाश नागपाल, एचके हंस, दिनेश आर्य, गुलशन मदान, हेमराज आहूजा, प्रभा अग्रवाल, शील अरोड़ा और निर्मल हंस सहित 155 सदस्य उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

स्वच्छता एक अभियान नहीं प्रति दिन की जिम्मेदारी : भावना

खरखौदा। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत केडी इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर अपने विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा, जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझकर उसमें सहभागिता निभाएगा।



बुजुर्गों व जरूरतमंद महिलाओं को बांटी राशन सामग्री

सोनीपत। इनरव्हील क्लब स्वर्ण सोनीपत की ओर से सीनियर सिटीजंस डे के अवसर पर बुजुर्गों और जरूरतमंद विधवा महिलाओं के लिए सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की ओर से जरूरतमंदों को आटा, चावल, दाल, चीनी, देसी घी सहित अन्य राशन सामग्री वितरित की गई। इसके साथ ही डॉ. नारंग के सहयोग से बुजुर्गों की आंखों की जांच कराई गई और जरूरत के अनुसार दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। क्लब की उपप्रधान उषा भंडारी ने कहा कि बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं और उनकी देखभाल व सम्मान करना सभी का दायित्व है। जरूरतमंद परिवारों की सहायता से उन्हें राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में सचिव पुष्पा भूटानी, पूर्व प्रधान नीतू दहिया, मंजू छिकारा, इंदु भोरिया, सीमा मक्कड़, निर्मला शर्मा, प्रीति मक्कड़, सुशीला, सुमन, संतोष तनेजा और ऋतु बंसल सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

खबर संक्षेप



पूर्व सैनिक जीतराम पांचाल सम्मानित

गोहाना। शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में गांव के 86 वर्षीय भूतपूर्व सैनिक जीतराम पांचाल को सम्मानित किया। मुख्य वक्ता मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा जीतराम पांचाल का जन्म 1940 में गंगाना गांव में हुआ। 1963 में वे भारतीय सेना में भर्ती हो गए। 1965 में भारत-पाक युद्ध में उन्होंने बड़ी वीरता से युद्ध लड़ा। 15 साल तक देश की सेवा के बाद 1978 में सेवानिवृत हो गए। उसके बाद 1979 में सिंचाई विभाग में ड्राइवर के पद पर फिर भर्ती हो गए। वह आज भी सामाजिक कुरीतियों और देश की समस्याओं के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते रहते हैं। मार्गदर्शन मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया का रहा। समारोह में समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा, सुरेश पांचाल, सुरेश पंवार, राजेंद्र सिंह पांचाल, जयपाल मलिक व गुलाब खान मौजूद रहे।

अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान को करीब से समझेंगे प्रियांशु और देव

गढ़े जा रहे भविष्य के वैज्ञानिक: जिले के दो छात्रों को मिला इसरो भ्रमण का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेश में विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से भविष्य के वैज्ञानिक गढ़ने की तैयारी की जा रही है। समग्र शिक्षा के तहत विद्यार्थियों में विज्ञान-गणित के प्रति रूचि बढ़ाकर मेधावियों को वैज्ञानिक बनने की राह दिखाई जा रही है। इसी उद्देश्य के साथ सोनीपत जिले के 2 छात्रों सहित प्रदेश के 48 विद्यार्थियों को हैदराबाद स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर दिया गया है। इनमें सोनीपत के छात्र देव रंगा व प्रियांशु शामिल है। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, मॉडल टाउन की कक्षा 12वीं के देव रंगा ने परीक्षा परिणाम में 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, गन्नौर की कक्षा 11वीं के प्रियांशु ने परीक्षा परिणाम में 90.2 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद की महत्वाकांक्षी योजना के तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अंतरिक्ष विज्ञान एवं अनुसंधान को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही वह इसरो की कार्यप्रणाली, अंतरिक्ष कार्यक्रम, उपग्रहों और वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों से परिचित हो सकेंगे। इसके अलावा विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए जाने वाले विज्ञान के विषयों को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिलेगा।



सोनीपत। इसरो, हैदराबाद के लिए रवाना होते प्रदेशभर के 48 विद्यार्थियों का दल।



छात्र देव रंगा।



छात्र प्रियांशु

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं

विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, लेकिन उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर विद्यार्थी नई ऊंचाईयों को छूने के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। जिले के 2 विद्यार्थियों का इसरो के लिए चयन उनकी मेहनत, प्रतिभा और विज्ञान के प्रति जिज्ञासा का परिणाम है। इस तरह की यात्राएं विद्यार्थियों को भविष्य में विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

-कृष्णा खत्री, जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, सोनीपत

निदेशक ने किया रवाना

योजना के तहत खास बात यह रही कि समग्र शिक्षा विभाग, पंचकूला के निदेशक अंतिल रविंद्र पाटिल ने प्रदेशभर के 48 विद्यार्थियों के दल को नई दिल्ली स्टेशन से हैदराबाद इसरो के लिए रवाना किया था। निदेशक पाटिल का कहना है कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से भविष्य के वैज्ञानिकों की खोज की जा रही है। वहीं कार्यक्रम की रुपरेखा राज्य नोडल अधिकारी एवं एसोसिएट कंसल्टेंट साइंस सोनाली के मार्गदर्शन में तैयार की गई है। जिला नोडल अधिकारी सुधीर कुमार ने विद्यार्थियों के भ्रमण की सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने में सहयोग किया।

विज्ञान-गणित में 100 फीसदी परिणाम पाना लक्ष्य

शिक्षा विभाग की ओर से जिले में कुल 709 राजकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों की विज्ञान व गणित विषय में रुचि बढ़ाने के लिए विभाग तत्परता से प्रयासरत है। विज्ञान व गणित विषय को आसान बनाने के लिए विभिन्न लैब की स्थापना के अलावा विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों की जिज्ञासा बढ़ाई जा रही है। विभाग का लक्ष्य विज्ञान व गणित विषय में 100 फीसदी परिणाम पाना है।

न्यूज डायरी

मुक्तिधाम में 3 घंटे चला सफाई अभियान

गन्नौर। गांधी जयंती के अवसर पर गुरुवार को स्वच्छ गन्नौर-स्वस्थ गन्नौर अभियान के तहत गढ़ी केसरी स्थित शिव मुक्ति धाम में करीब 3 घंटे तक सफाई अभियान चलाया गया। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, नगरपालिका सफाई कर्मचारियों और आमजन ने मुक्तिधाम की सफाई की। इस दौरान परिसर में जमा कचरा और गंदगी हटाई गई। विधायक ने नपा सचिव को मुक्तिधाम में बड़े पेड़ों के चारों ओर बेहतर चबूतरे बनवाने और लाइट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सफाई अभियान के बाद विधायक ने सफाईकर्मियों और अभियान में शामिल लोगों के साथ जलपान किया। इसके बाद वे अपने निजी कार्यालय पहुंचे, जहां लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को फोन कर समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नपा सचिव प्रदीप खर्ब, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व नपाध्यक्ष ईश्वर कश्यप, पार्षद दिनेश अदलखा, वरुण जैन, विकास शर्मा, अजय सरोहा,टिंकू प्रधान, शमशेर सैनी, अंकित मल्होत्रा, नेत्रपाल रापरिया, शिवराज त्यागी, नैसी, नवीन कुमार, श्याम, रामचंद्र, तरुण चुघ आदि मौजूद रहे।



जीडी गोयंका स्कूल में करवाया जादुई कार्यक्रम

राई। जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल खेवड़ा में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में विशेष जादुई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जादू की विभिन्न प्रस्तुतियों का आनंद लिया और मनोरंजन के साथ सामाजिक एवं नैतिक संदेश भी प्राप्त किए। प्रसिद्ध जादूगर ने अपनी हैरतअंगेज कला से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जादू के विभिन्न खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और मानवता की सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया।



स्कूल की प्रशासनिक प्रमुख निधि दत्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने में सहायक रहा।

पोस्टर स्पर्धा में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

गन्नौर। विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा, जीवन सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भोगीपुर गांव स्थित एस एस आधुनिक पाठशाला में पोस्टर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न पोस्टरों के माध्यम से सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। पोस्टरों में विद्यार्थियों ने सुरक्षित रहने, सावधानी बरतने और किसी भी परिस्थिति में समझदारी से कदम उठाने के विषयों को रचनात्मक तरीके से प्रदर्शित किया। स्कूल की मुख्य अध्यापिका सुमन ने विद्यार्थियों को सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर आकर्षक पोस्टर तैयार किए। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



भारत माता के जयकारों से गूंजा शहर

सोनीपत। भारत माता, गाऊ माता, सत्य सनातन वैदिक धर्म, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, योगिराज श्री कृष्ण, महर्षि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद के जयकारों से वीरवार की सुबह शहर गूंज उठा। शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्र भक्ति और महापुरुषों के नारों के बीच शहर को गुंजायमान किया। आर्य समाज के सदस्यों पुरुषोत्तम दास, अरुण कुमार, प्राचार्य नरेंद्र सिंह व कपिल देव ने ओम का झंडा दिखाकर स्कूली बच्चों को प्रभात फेरी के लिए रवाना किया। अपने हाथों में ओम के झंडे, स्वामी दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के चित्र लिए बच्चों ने शहरवासियों को 2 अक्तूबर से शुरू हो रहे ऋग्वेद पारायण महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।



फ्रांस के मिशेल साइमन ने अनुभव किए साझा



गोहाना। फ्रांस के अंतरराष्ट्रीय मिशेल साइमन ने गांव बुटाना स्थित जनता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। वह अब तक 75 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं और विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में अपने अनुभव साझा कर चुके हैं। मिशेल साइमन ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को विभिन्न देशों की संस्कृति एवं शिक्षा पद्धति से अवगत करवाया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अजीत सांगवान, प्राचार्य मनोज सांगवान, बीके आशीष, रामनिवास सांगवान और मुख्याध्यापक कृष्ण सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

मार्केट न्यूज

एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल में स्तन का आकार कम करने की सफल सर्जरी

सोनीपत। बड़े और भारी स्तनों के कारण होने वाले पीठ, गर्दन व कंधों के दर्द से महिलाओं को राहत मिल सकती है। एंड्रोमेडा कैंसर अस्पताल में हाल ही में स्तन का आकार कम करने की सर्जरी की गई। यह सर्जरी उन महिलाओं के लिए उपयोगी है, जिन्हें बड़े और भारी स्तनों के कारण लगातार पीठ, गर्दन और कंधों में दर्द के साथ दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। चिकित्सकों के अनुसार, बहुत बड़े स्तनों के कारण महिलाओं को शारीरिक असुविधा के साथ-साथ लंबे समय तक दर्द और कामकाज में परेशानी हो सकती है। स्तन का आकार कम करने की सर्जरी में अतिरिक्त त्वचा और ऊतकों को हटाकर स्तनों का आकार कम किया जाता है। इससे शरीर पर पड़ने वाला अतिरिक्त भार कम करने में मदद मिल सकती है। चिकित्सकों ने बताया कि यदि बड़े स्तनों के कारण लगातार दर्द, भारीपन या रोजमर्रा के काम करने में परेशानी हो रही है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसी स्थिति में स्तन शल्य चिकित्सक से परामर्श लेकर उचित उपचार के बारे में जानकारी लेनी चाहिए। अस्पताल में इस तरह की समस्याओं के उपचार के लिए आवश्यक परामर्श और शल्य चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

छात्राओं को रोजगार के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कन्या महाविद्यालय, सोनीपत के रोजगार प्रकोष्ठ की ओर से 'उड़ान-2026' के तहत छात्राओं के लिए औद्योगिक अभिमुखीकरण एवं रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उद्योग जगत की कार्यप्रणाली, रोजगार के लिए जरूरी योग्यताओं, व्यक्तित्व विकास और आवश्यक कौशल की जानकारी देना रहा। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने आयोजन की बधाई दी। विशेषज्ञ विशाल कुमार मैक्स ने अपने साढ़े बारह वर्ष से अधिक के व्यावसायिक अनुभव साझा किए। उन्होंने पुस्तकों को पढ़ने, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद, सार्वजनिक रूप से विचार रखने और बेहतर जीवन-वृत्त तैयार करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

- जीवीएम कन्या महाविद्यालय में उड़ान-2026' के तहत कार्यक्रम



उन्होंने बदलते प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में कार्यों को व्यवस्थित ढंग से करने की क्षमता विकसित करने की सलाह दी। दूसरे विशेषज्ञ अजमेर देशवाल ने 18 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर उद्योग की कार्यप्रणाली समझाई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. परवीन शर्मा ने विशेषज्ञों का आभार जताया। इस अवसर पर राकेश जुनेजा, मनिता, मोनिका, डॉ. नवीन कुमार और पारुल सहित रोजगार प्रकोष्ठ के सदस्य व छात्राएं मौजूद रहीं।

विद्यार्थियों को दिया स्काउट व गाइड प्रशिक्षण



गोहाना। गीता विद्या मंदिर, गोहाना में गुरुवार को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड्स, हरियाणा के राज्य प्रशिक्षक उमंग गिल एवं कृष्ण मलिक, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त पहुंचे। दोनों पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को स्काउट एंड गाइड के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और विषय गतिविधियों, प्रशिक्षण एवं इसके माध्यम से विकसित होने वाले विभिन्न कौशलों के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता, सेवा-भाव, टीम भावना, साहस एवं आपदा के समय आवश्यक कौशल विकसित होते हैं।

साउथ पॉइंट स्कूल में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

सोनीपत। साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल में महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। नन्हे विद्यार्थियों ने धोती, गोल चश्मा और हाथ में लाठी लेकर गांधी की वेशभूषा में मनमोहक अभिनय किया। विद्यार्थियों ने गांधी के जीवन, संघर्ष और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों ने 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' जैसे भजनों पर नृत्य और समूह गान प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। 'दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल' गीत पर प्रस्तुत नाटिका को भी सराहना मिली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने गांधी के सत्य, अहिंसा और सादगी के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने प्रस्तुतियों की सराहना की। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने स्वच्छता और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। सीईओ भावना कालरा ने नैतिक मूल्यों और समाजसेवा की भावना विकसित करने की बात कही। डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने चरित्र निर्माण को शिक्षा का उद्देश्य बताया।



लोक नृत्य में राजकीय कन्या विद्यालय खरखौदा की टीम ने पाया प्रथम स्थान



खरखौदा। शहर में रोल प्ले एवं फोक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले आठवीं एवं नवमी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक नेशनल पापुलेशन एजुकेशन प्रोजेक्ट एनसीईआरटी की ओर से किया जाता है। इसके माध्यम से छात्रों को पर्यावरण सुरक्षा, पारस्परिक संबंध, भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, लैंगिक समानता, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता, नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम और प्रबंधन तथा स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना जैसे विषयों के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिता की मॉनिटरिंग के लिए डाइट 20 वां मील से डॉ.अनीता, नीना दहिया, डॉ.सुशील कुमार, जयकंवार व धर्मवीर पहुंचे। विद्यार्थियों को उन्होंने दिशा निर्देशों का पालन करते हुए आगामी स्तर की प्रतियोगिता के लिए और बेहतर तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में लोक नृत्य एवं रोल प्ले कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें रोल प्ले में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा की टीम प्रथम रही। लोक नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी दहिया की टीम ने द्वितीय तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थाना कलां की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया।

लावारिस अस्थियों का हरिद्वार में विधि-विधान से किया विसर्जन



सोनीपत। सेफ इंडिया फाउंडेशन ने सोनीपत के विभिन्न श्मशान घाटों से एकत्रित तीन लावारिस अस्थियों का हरिद्वार में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान से विसर्जन किया। गुरुवार सुबह पांच बजे तिरंगा चौक स्थित शिवमुक्ति धाम से संस्था के उपप्रधान प्रवीण वर्मा, समाजसेवी नरेंद्र भूटानी, सरदार मोहन सिंह मनोचा और मनीष बंसल अस्थियां लेकर हरिद्वार रवाना हुए। वहां धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अस्थि विसर्जन किया गया। संस्था के प्रधान संजय सिंगला और चेयरमैन वाईके त्यागी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से प्रत्येक माह की पहली तारीख को यह सेवा की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी अस्थि विसर्जन के लिए निःशुल्क आने-जाने की सुविधा दी जाती है। संजय सिंगला ने कहा कि गर्मी, सर्दी और बरसात में भी सेवा कार्य जारी रहता है। उन्होंने बताया कि सूख चुके तुलसी व अन्य धार्मिक पौधों का भी गंगा में विसर्जन शुरू किया गया है। हरिद्वार में पुराने वस्त्र जरूरतमंदों को वितरित किए गए।

डॉ. दिलीप सिंह पंवार को दी श्रद्धांजलि



सोनीपत। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार के पिता डॉ. दिलीप सिंह पंवार के निधन पर उनके सेक्टर-15 स्थित निवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला सहित कई वर्तमान व पूर्व विधायक तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दुष्यंत चौटाला ने डॉ. दिलीप सिंह पंवार के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और सुरेंद्र पंवार व उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। विधायक अशोक अरोड़ा, बीबी बत्रा, शकुंतला खटक, चंद्रप्रकाश, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया तथा शहीद-ए-आजम भगत सिंह के पड़पौत्र यादविंद्र सिंह ने भी परिवार से मिलकर दुख साझा किया। नेताओं ने कहा कि डॉ. दिलीप सिंह पंवार का जीवन मेहनत, ईमानदारी और सेवा की भावना से जुड़ा रहा। उन्होंने करीब 28 वर्षों तक शुगर मिल सोनीपत में सेवाएं दीं। उनके निधन से परिवार के साथ परिचितों और शुभचिंतकों में भी शोक है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। डॉ. दिलीप सिंह पंवार अपने पीछे एक बेटा, दो पौते और तीन पड़पौते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। परिवार की ओर से 2 अक्टूबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक गीतांजलि गार्डन, अग्रसेन चौक के पास, मुरथल में श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा होगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

कार्यक्रम

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यायल में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

भारत-रूस अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में 'भारत-रूस संबंध : भाषा, संस्कृति एवं विज्ञान—भविष्य के वैज्ञानिक 2026' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। विवि के विदेशी भाषा विभाग एवं अंतरराष्ट्रीय मामले कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी में भारत-रूस के बीच भाषा, संस्कृति, विज्ञान, शिक्षा एवं अकादमिक सहयोग की संभावनाओं पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रूसी भाषा की छात्राओं ने रूसी स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि भारत और रूस के संबंध केवल कूटनीतिक स्तर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों के बीच शिक्षा, संस्कृति, भाषा, विज्ञान और शोध के क्षेत्र में भी लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें विभिन्न देशों की शिक्षा एवं संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर देते हैं। रूस के शिक्षण संस्थानों के साथ संभावित सहयोग इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। कार्यक्रम में रूसी उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन, विद्यार्थी आदान-प्रदान, शैक्षणिक भ्रमण, संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियों तथा भविष्य में सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।



गोहाना। समझौता ज्ञापन एक दूसरे को हस्तांतरित करते कुलपति प्रो. सुदेश व रुसी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए भारत-रूस शैक्षणिक सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। रूस के विशेषज्ञ प्रो. व्लादिमीर इलिच करासिक ने 'भविष्य के वैज्ञानिक : भारत-रूस परिप्रेक्ष्य' विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. मरीना ग्रिगोर्येवना जागोरा ने '19वीं एवं 20वीं सदी के प्रारंभ में रूसी साम्राज्य और भारत के बीच सांस्कृतिक संबंध' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डीन भाषा संकाय प्रो. रवि भूषण, विदेशी भाषा विभाग के प्राध्यापक डॉ. केजे मथाचां, डॉ. सुदीप्ता शील व डॉ. विदुषी शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व : प्रो. सुदेश



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में गुरुवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता के प्रति सक्रिय योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस और छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रो. सुदेश ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। स्वच्छ परिसर स्वस्थ वातावरण का आधार है और युवाओं में स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. श्वेता ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विवि परिसर में विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एनएसएस समन्वयक डॉ. परविंदर कौर सहित एनएसएस की छात्राएं उपस्थित रहीं।